‘विज्ञान विदुषी’ के लिए चुनीं गईं सपना

एमएमएमयूटी में एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा हैं सपना यादव

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। एमएमएमयूटी की छात्रा सपना यादव का चयन ‘विज्ञान विदुषी’ समर फेलोशिप के लिए हुआ है। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (टीआईएफआर), मुंबई देश के 40 विद्यार्थियों को यह फेलोशिप प्रदान करता है। सपना विवि में भौतिकी एवं पदार्थ विज्ञान विभाग में एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा हैं।

देश भर के विश्वविद्यालयों में बीएससी (फिजिक्स) (इंटीग्रेटेड) के चतुर्थ वर्ष या एमएससी प्रथम वर्ष में अध्ययनरत छात्राओं में से केवल 40 छात्राओं का चयन

सपना यादव

देश के 40 विद्यार्थियों को मिलती है यह फेलोशिप

विज्ञान विदुषी (भौतिकी) के लिए हुआ है। चयनित छात्राओं को टीआईएफआर कैंपस में तीन से चार हफ्ते के लिए आमंत्रित किया जाता है। समर फेलोशिप के दौरान छात्राओं को संबंधित विषय के नवीनतम शोध और शोध के नए उभरते हुए क्षेत्रों के बारे में बताया जाता है। इस समय कोविड -19 प्रोटोकॉल को देखते हुए पिछले वर्ष से यह समर स्कूल ऑनलाइन माध्यम से चलाया जा रहा है। बरहज, देवरिया के मूल निवासी शिक्षक डॉ. जय प्रताप यादव की पुत्री सपना इस समय एमएमएमयूटी में एमएससी भौतिकी (प्रथम वर्ष) में अध्ययनरत हैं। सपना ने दिल्ली विश्वविद्यालय से बीएससी (भौतिकी) ऑनर्स किया है। सपना की सफलता पर एमएमएमयूटी में भौतिकी के विभागाध्यक्ष प्रो. बीके पांडेय सहित अन्य शिक्षकों ने बधाई दी है। सपना ने अपनी इस सफलता के श्रेय अपने बाबा रामजी यादव, माता-पिता और शिक्षकों को दिया है।